अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , सोमवार,16 मार्च 2026

PAGE NO : IV TOP

कथक गुरुओं और विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा

- रिद्धिमा में कथक कार्यक्रम 'अभिलाषा' का हुआ आयोजन
- प्रियंका और सात्विक ने स्वरों का जादू बिखेरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम कथक प्रस्तुति 'अभिलाषा' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका आरंभ कथक के विद्यार्थियों ने गीत धूम मची है होरी ब्रज में... से किया। इसके बाद ठुमरी पर डगर बीच कैसे चलूं गीत पर प्रस्तुति दी। कथक गुरु रियाश्री चटर्जी मंच पर पहुंचीं और उन्होंने लाइव ठुमरी एवं चैती पर पिया मिलन की आस पर अपनी प्रस्तुति दी।

रिद्धिमा में 'अभिलाषा' के दौरान प्रस्तुति देते गुरुजन और शिष्य। • अमृत विचार

कथक गुरु देवाज्योति नस्कर ने लाइव ठुमरी पर ताल वसंत और कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा ने लाइव तीन ताल में छोटा ख्याल पर उत्साह वसंत रंग की पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में अपने विद्यार्थियों के साथ तीनों कथक गुरु एक साथ मंच पर पहुंचे और सभी ने अभिलाषा ट्रैक पर एक साथ अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कथक प्रस्तुति 'अभिलाषा' में गायन गुरु प्रियंका ग्वाल एवं सात्विक मिश्रा ने अपने स्वरों के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि इंस्ट्रूमेंटल गुरु दीपकांत जौहरी, ऋषभ आशीष पाठक , शम्भू सिसोदिया ने वाद्ययंत्रों के जरिये इसमें सहभागिता की। संचालन रिद्धिमा के सेंटर हेड डॉ.आशीष कुमार ने किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ.रीटा शर्मा अन्य लोग मौजूद रहे।